में वृद्धि हुई है जिसका प्रमाण यह है कि वर्ष 1991-92 के दौरान यह 447.49 करोड़ रुपये था जो वर्ष 1994-95 में बढ़कर 633.34 करोड़ रुपये हो गया। हथकरघा क्षेत्र में क्रेडिट के स्तर को और बढ़ाने के लिए सरकार सभी संभव प्रयत्न कर रही है।

Govt. Programme of Public Borrowing

43. DR. BAPU KALDATE:
SHRI KRISHAN LAL SHARMA:

Will the Minister of FINANCE be pleased be state:

(a) whether it is a fact that Government's programme of public borrowing has proved a failure for the third time when the public issue of Rs. 2,000 crore received only 52% subscription; and

(b) if so, the reasons for this failure?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (DR. DEBI-PROSAD PAL): (a) and (b) There was no failure of Government's public borrowing programme. The last three issue of Central Government' loans (with notified amount of Rs. 2,000 crore each) were not fully subscribed by the public resulting in development on Reserve Bank of India. The total amount subscribed by the public was Rs. 3066.85 crore and the aggregate amount devolving on Reserve Bank was Rs. 2933.15 crore. The share of subscription received from public in respect of the loans is 51 per cent and the share of subscription by Reserve Bank is 49 per cent. The response from public was lower mainly due to tight money market conditions and increase in commercial banks' non-food credit by about Rs. 48,000 crore during the current financial year up to Junuary 19, 1996, over that of last year.

विदेशी मुद्राओं की तुलना में रुपए के मूल्य में गिरावट

44. **श्री एस० एस० सुरजेवाला:**
श्री राघवजी:
श्री वी० नारायणसामी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उन विदेशी मुद्राओं के नाम क्या हैं जिनकी तुलना में रुपए के मूल्य में इस समय उसके 31 मार्च, 1995 के मूल्य की तुलना में, गिरावट आई है और यह गिरावट मुद्रा-वार कितनी-कितनी है;

(ख) रुपए के मूल्य में आई इस गिरावट के क्या कारण हैं और भारत की अर्थव्यवस्था पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ग) रुपए के मूल्य में गिरावट को रोकने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० देबी प्रसाद पाल): (क) अमरीकी डालर, पौंड स्टर्लिंग, ड्यूश मार्क (डी एम) और फ्रांसीसी फ्रांक की 31 मार्च, 1995 की दरों की तुलना में 23 फरवरी, 1996 की स्थिति के अनुसार रुपए में अवमूल्यन हुआ है। इन करेंसियों की तुलना में रुपए के अवमूल्यन का विवरण नीचे दिया गया है:—

तारीख	प्रति विदेशी मुद्रा की तुलना में रुपए की विनिमय दर			
	अमरीकी डालर	पौंड स्टर्लिंग	ड्यूश मार्क	फ्रांसीसी फ्रांक
31 मार्च, 95	31.495	50.565	22.300	6.412
23 फरवरी, 96	36.560	56.458	25.269	7.338
रुपए का अवमूल्यन (-) (प्रतिशत)	-13.85	-10.44	-11.75	-12.62